पंजाब केसरी, ५ जनवरी २०२४

Evergreen
Page No.
Date / /201

हमीरपुर केसरी

गुरुवार THURSDAY, 4 जनवरी 2024

एन.एस.एस. का 7 दिवसीय शिविर शुरू

हमीरपुर, 3 जनवरी (राजीव): स्वामी विवेकानंद शिक्षा महाविद्यालय में एन.एस.एस. इकाई द्वारा 4 जनवरी से 10 जनवरी तक 7 दिवसीय स्पैशल कैंप लगाया जा रहा है। इस कैंप में एन.एस.एस. के 50 स्वयंसेवी भाग लेंगे। इस कैंप का शुभारंभ विधायक सुरेश कुमार द्वारा किया जाएगा।

इस 7 दिवसीय कैंप की कार्यकारी अधिकारी अमिता रानी के द्वारा विभिन्न प्रकार की स्वयंसेवी गतिविधियों का आयोजन करवाया जाएगा।

यह जानकारी कॉलेज प्राचार्य डॉक्टर कुलदीप सिंह ने दी।

पंजाब केसरी, ५ जनवरी २०२४

हमीरपुर केसरी

शुक्रवार FRIDAY, 5 जनवरी 2024

हमीरपुर : विधायक सुरेश कुमार एन.एस.एस. शिविर का शुभारंभ करते हुए। (राजीव)

स्वयंसेवियों को अच्छा नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया

तरक्वाड़ी कालेज में एन.एस.एस. शिविर शुरू

हमीरपुर, 4 जनवरी (राजीव): स्वामी विवेकानंद शिक्षा महाविद्यालय तरक्वाड़ी में राष्ट्रीय सेवा योजना के 7 दिवसीय शिविर का शुभारंभ मुख्यातिथि विधायक सुरेश कुमार द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। सुरेश कुमार ने स्वयंसेवियों को नशे से दूर रहकर एक अच्छा नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। शिविर के दौरान स्वयंसेवी समाज में शिक्षित युवाओं का योगदान थीम के अंतर्गत विभिन्न गांवों में लोगों को जागरूक करेंगे। इस दौरान स्वयंसेवी पर्यावरण जागरूकता, सड़क सुरक्षा, नशा निवारण, प्राकृतिक खेती स्वच्छता जागरूकता तथा श्रमदान से संबंधित गतिविधियां करेंगे।

इस अवसर पर कालेज प्राचार्य डा. कुलदीप चंदेल ने मुख्यातिथि वं अन्य गण्यमान्य अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर कालेज प्रबंधन कमेटी के अध्यक्ष राजीव शर्मा ने मुख्यातिथि व अन्य गण्यमान्य अतिथियों का धन्यवाद किया। विधायक ने कालेज के स्वयंसेवियों को उनकी सांस्कृतिक प्रस्तुति के लिए दिए 21 हजार रुपए की धनराशि ईनाम के रूप में दी। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी अमित रानी, संतोष कुमार, अरुण कुमार व अन्य अध्यापक वर्ग भी उपस्थित रहे।

Page No.
Date: / / 201

पंजाब केसरी 7 जनवरी, 2024

हमीरपुर केसरी

रविवार SUNDAY, 7 जनवरी 2024

स्वयंसेवियों को हैल्थ और न्यूट्रीशन के प्रति किया जागरूक

हमीरपुर, 6 जनवरी (राजीव): स्वामी विवेकानंद शिक्षा महाविद्यालय तरक्वाड़ी में एन.एस.एस. शिविर के तीसरे दिन विभिन्न प्रतियोगिताएं की गईं। एन.एस.एस. स्वयंसेवियों ने एड्स तथा पर्यावरण पर पोस्टर मेकिंग कंपीटिशन में बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस दौरान हैल्थ एजुकेटर अमरदीप ने हैल्थ और न्यूट्रीशन के बारे में बच्चों को अवगत करवाया। रिसोर्सपर्सन सी.ए. राजीव शर्मा ने यूथ और समाज के ऊपर अपने विचार सांझा किए। कालेज प्राचार्य डा. कुलदीप सिंह चंदेल ने रिसोर्सपर्सन को स्मृतिचिह्न देखकर सम्मानित किया।

हमीरपुर : स्वामी विवेकानंद शिक्षा महाविद्यालय तरक्वाड़ी में एन.एस.एस. शिविर के दौरान आयोजित कार्यक्रम के उपरांत स्वयंसेवी सामूहिक चित्र में। (राजीव)

पंजाब केसरी 8 जनवरी, 2024

हमीरपुर केसरी

हमीरपुर : स्वामी विवेकानंद शिक्षा महाविद्यालय तरक्वाड़ी में एन.एस.एस. शिविर प्रशिक्षु अध्यापकों को नशा निवारण केंद्र हमीरपुर का भ्रमण करवाया गया। इस दौरान प्रशिक्षु अध्यापकों ने देखा कि नशे से ग्रस्त लोगों का ... होता है। इसके उपरांत प्रशिक्षु अध्यापकों को ...

पंजाब केसरी ॥ जनवरी . २०२४

Page No.

/201

हमीरपुर केसरी

गुरुवार THURSDAY, 11 जनवरी 2024

7 दिवसीय एन.एस.एस. शिविर का समापन

हमीरपुर, 10 जनवरी (राजीव): स्वामी विवेकानंद शिक्षा महाविद्यालय तरक्वाड़ी में 7 दिवसीय एन.एस.एस. शिविर का समापन हो गया। समापन अवसर पर एन.के. शर्मा अध्यक्ष तृषा शिक्षण संस्थान हमीरपुर ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। शिविर के दौरान अनेक विशेषज्ञों ने विभिन्न विषयों पर अपने विचार व्यक्त किए। जिसमें एन.के. शर्मा ने स्वामी विवेकानंद जी की शिक्षाओं पर अपने विचार रखे। एस.एच.ओ. भोरंज मस्तराम नायक ने सड़क सुरक्षा नियमों के बारे में जानकारी दी और डॉ. कुलदीप सिंह चंदेल ने पहचान और आत्म खोज पर अपने विचार व्यक्त किए। शिविर के दौरान डिफैंस इंस्ट्रक्टर ने आत्मरक्षा के ऊपर कार्यशाला का आयोजन किया। शिविर के समापन पर मुख्यातिथि द्वारा स्वयंसेवियों को मैडल पहनाकर सम्मानित किया।

डाक्टर कुलदीप सिंह चंदेल, एन.एस.एस. प्रोग्राम ऑफिसर अमिता रानी, संतोष कुमार, अरुण कुमार व स्वयंसेवियों ने भाग लिया।

हमीरपुर : स्वामी विवेकानंद शिक्षा महाविद्यालय तरक्वाड़ी में 7 दिवसीय एन.एस.एस. शिविर के समापन अवसर पर मुख्यातिथि के साथ स्वयंसेवी सामूहिक चित्र में। (राजीव)